ISO 9001 : 2008 (प्रमाणित कम्पनी)

जय शिवशंकर

तीर्थ यात्रा कम्पनी (रजि.)

प्रबन्धक - रमेशकुमार चतुर्वेदी एवं वीरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी के द्वारा



कामाख्या, गंगटोक, दार्जिलिंग

यात्रा विवरणावली

राजधानी एक्सप्रेस (ए.सी. 3 टीयर द्वारा) (रेल रिजर्वेशन द्वारा)

यात्रा प्रस्थान : 22 फरवरी, 16 अप्रेल, 13 जून, 13 सितम्बर, 16 नवम्बर, 10 दिसम्बर 2027 | **यात्रा समय : 12 दिवस**

दिन	स्थान	दर्शनीय स्थल
पहला दिन	प्रस्थान	दिल्ली/जयपुर/कोटा रेल्वे स्टेशन से प्रस्थान (रात्रि ट्रेन सफर) (दूसरा दिन रात्रि विश्राम गोहाटी)
तीसरा दिन	चेरापूँजी	प्रात: चाय नाश्ता के पश्चात् टैम्पू ट्रेवलर द्वारा चेरापूंजी साईट सीन एवं शिलाँग भ्रमण। (रात्रि विश्राम शिलाँग)
चौथा दिन	शिलाँग	प्राकृतिक सौन्दर्य अवलोकन व शिलाँग साईट सीन। (दोपहर बाद शिलाँग से टैम्पू ट्रेवलर द्वारा गुवाहाटी) (रात्रि विश्राम गुवाहाटी)
पांचवाँ दिन	गुवाहाटी	कामाख्या देवी मन्दिर दर्शन एवं गुवाहाटी भ्रमण। (रात्रि सफर ट्रेन) रेल से NJP (रूम चेक आउट दोपहर 12 बजे)
छठवाँ दिन	गंगटोक	प्रात: चाय नाश्ता के पश्चात् NJP से बस द्वारा गंगटोक के लिए रवाना। (रात्रि विश्राम गंगटोक)
सांतवाँ दिन	नाथुलादर्रा	नाथुलादर्रा, नया बाबा हरनाम सिंह मन्दिर। (सूमो द्वारा व रात्रि विश्राम गंगटोक)
आंठवाँ दिन	नामची	प्रात: चाय नाश्ता के पश्चात् प्रसिद्ध सिद्धेश्वर धाम मन्दिर चारधाम मन्दिर दर्शन। (रात्रि विश्राम नामची)
नवाँ दिन	दार्जिलिंग	प्रात: 10 बजे भोजन के पश्चात् दार्जिलिंग रवाना (रात्रि विश्राम दार्जिलिंग)
दसवाँ दिन	दार्जिलिंग	हिमालयन माउन्टेनियरिंग, तेनजिंग रॉक, जापानी मन्दिर, पीकपैगोडा, रिफ्यूजी सेन्टर, मैरी-टी गार्डन, सनराईज प्वांइट, टाईगर हिल, घूम मोनेस्ट्री। (रात्रि विश्राम दार्जिलिंग)
ग्यारहवाँ दिन	बागडोगरा	NJP से ट्रेन द्वारा दिल्ली रवाना।
बारहवाँ दिन	आगमन	दिल्ली/जयपुर/कोटा आगमन एवं यात्रा समापन।

नोट : भोजन, चाय, नाश्ता, होटल, बस, सहित रेलवे ए.सी. 3 टीयर। अग्रिम बुकिंग हेतु रू. 10000/- (रूपये दस हजार मात्र) प्रति सवारी नकदी/ऑन लाईन पैमेन्ट "चतुर्वेदी ट्यूर एण्ड ट्रेवल्स" के नाम से हैड ऑफिस पर जमा करायें। शेष राशि यात्रा प्रारम्भ होने से 10 दिन पूर्व कम्पनी के बैंक खाते मे जमा कराये व जमा रसीद या स्टेटमेन्ट अपने साथ लेकर आयें। (बाकी भुगतान कम्पनी के खाते के अलावा मान्य नहीं होगा)

नोट : दिल्ली से गोहाटी व न्यू जलपाई गुडी से दिल्ली राजधानी सफर रहेगा व गोहाटी से न्यू जलपाई गुडी ए. सी. 3 टीयर एक्सप्रेस ट्रेन से होगा।

नोट : यात्रियों से अनुरोध है कि अपनी बुकिंग 2 माह पूर्व करायें क्योंकि रेल रिजर्वेशन 2 माह पूर्व खुल जाता है जिससे आपको सीट अपनी इच्छा अनुसार मिल सके।

नोट : जो यात्री हवाई जहाज से जाना चाहते है। उनका ट्रेन किराया कम कर दिया जायेगा।

नियम व शर्त लागू

दिल्ली किराया

रू. 34,999/-

जयपुर/कोटा किराया

रू. 36,999/-

नोट :– Hotel Check-In and Hotel Check-Out का टाइम होटल के नियम अनुसार ही होगा।

: हैड ऑफिस :
डी-19, प्रथम तल, पूजा टॉवर, 80 फीट रोड़, महेश नगर, जयपुर - 302015
मो.: 9414034101, (WhatsApp) 8302034101, 9782436537
E-mail : jaishivshankartirthyatra@gmail.com
Website : www.jaishivshankartirthyatra.in

: दिल्ली ऑफिस :
ई-145, किशन विहार,
रोहणी सैक्टर-1 के पास,
दिल्ली-110086
मो.: 9899863822, 9664405841

Scanned with OKEN Scanner

यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार ही यात्राओं का आयोजन होगा।

1. रेलवे विभाग द्वारा यात्रियों के लिए जो सामान अनिवार्य तथा इस ट्रेन के लिए सरकार द्वारा जो व्यवस्था की जायेगी उसका पालन करने के लिए सभी यात्री बाध्य होंगे। प्रबन्धक रेलवे परिवर्तन के कारण विवरणावली में दर्शाएं गये प्रोग्राम में परिवर्तन कर सकते है।
2. प्रत्येक यात्री टाइम टेबल के अनुसार चलने को बाध्य होंगे। यदि कोई ग्रुप से पृथक होता है तो अगले स्थान पर यात्री स्वयं के खर्चे पर पहुंचेगे।
3. संक्रामक रोगी, मादक द्रव्यों का सेवन करने वाले अथवा झगडालू यात्री को यात्रा से पृथक करने का पूर्ण अधिकार व्यवस्थापक को होगा।
4. यात्रियों को यथासंभव मांग के अनुसार सीट दी जायेगी परन्तु अन्तिम निर्णय कम्पनी का रहेगा।
5. यदि कोई यात्री किन्ही कारणवश अथवा अस्वस्थ होने की वजह से अपनी यात्रा अधूरी छोडकर वापिस घर आना चाहे तो उस अवस्था में व्यवस्थापक की तरफ से यात्री को केवल घर का पहुंचाने का रेलवे का द्वितीय श्रेणी का टिकट ही दिया जायेगा। (रिजर्वेशन की गारन्टी नहीं होगी)।
6. प्रबन्धक यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएँ देंगे फिर भी 'परदेश कलेश नरेशं कूं' की कहावत के अनुसार यात्रा में असुविधा होना स्वभाविक है। उस समय तपस्या की भावना से उसे सहन करें। यात्रियों से अनुरोध है वह अपने स्वभाव को परिवर्तित ना करें और यात्री व स्टाफ के साथ मर्यादित व्यवहार करें एवं व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें।
7. सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र जयपुर सिटी होगा। व उपभोक्ता फार्म का भी न्याय क्षेत्र जयपुर सिटी ही होगा।
8. पत्र व्यवहार करते समय यात्री अपना पूरा नाम साफ एवं स्पष्ट अक्षरों में लिखें फोन नम्बर भी लिखें एवं ई-मेल पता भी लिखे।
9. बाहर से आने वाले यात्री दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बताये हुये स्थान पर (यात्रा प्रारम्भ होने के 7 दिन पूर्व सूचना दी जायेगी) पहुंचे।
10. हमारी तीर्थ यात्रा विवरणावली में छपी जानकारी के अलावा आपको अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी चाहिए तो आप कृपया हैड आफिस/जयपुर के पते पर सम्पर्क करें। आपकी समस्याओं का निराकरण कर शीघ्र जवाब भेजा जायेगा।

नोट :-

1. प्रत्येक यात्री अपने साथ अपना परिचय पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज का फोटो अवश्य लावें क्योंकि रेलवे नियम के अनुसार स्पेशल ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के पास पहचान पत्र होना अति आवश्यक है।
2. रेलवे किराया एवं डीजल की बढोतरी होने पर यात्रा किराये में बढोतरी की जा सकती है जिसकी सूचना आपको पूर्व में दे दी जायेगी।
3. किसी भी प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना की जिम्मेदारी कम्पनी की नहीं होगी। कम्पनी द्वारा पूर्ण सहयोग किया जायेगा।
4. यात्रियों से अनुरोध है कि अपनी बुकिंग कराने के पश्चात् हैड आफिस में अवश्य सूचना दे ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की संभावना ना हो।
5. तिरूपति दर्शन के लिए Online टिकिट बुक होती है जिसे यात्री को स्वयं बुक करवानी होगी।
6. मैंने कम्पनी के सभी नियम पूर्ण रूप से पढ़ लिये है एवं मैं इन सभी नियामों का पालन करूगा।

यात्रा रद्द करने के नियम : यदि कोई यात्री अपनी सीट बुक कराकर किसी भी कारणवश सीट कैंसिल करवाना चाहे तो यात्रा की रवानगी की तारीख को छोड़कर उससे 15 दिन पूर्व तक लिखित सूचना देने पर सीट कैंसिल कर अग्रिम धनराशि (हवाई जहाज एवं रेलवे रिर्जवेशन का कैंसिलेशन शुल्क काटकर) वापिस कर दी जायेगी। रवानगी की तारीख को छोड़कर उससे 15 दिन पूर्व तक लिखित सूचना प्राप्त नहीं होने पर अग्रिम धनराशि वापिस नहीं की जायेगी। यदि बुकिंग यात्रा दिनांक को छोड़कर अन्तिम 15 दिनों में ही की गई है और यात्री अपनी सीट कैन्सिल करवाता है तो अग्रिम धनराशि वापिस नहीं की जायेगी। यदि यात्रा दिनांक का छोड़कर 5 दिन पूर्व तक यात्री द्वारा यात्रा निरस्त की जाती है तो उस स्थिति में यात्री से यात्रा का सम्पूर्ण किराया लेने का कानूनी रूप से अधिकार संस्था को होगा। इसमें किसी भी प्रकार की रियायत नहीं होगी।

CANCELLATION POLICY

If passengers wish to cancel their booking then they will have to pay following cancellation charges

- Upto 15 days before Journey — 0% of Total Amount (Only Rail & Bus Tour)
- Upto 10 days before Journey — 30% of Total Amount (All Tours)
- Upto 7 to 9 days before Journey — 50% of Total Amount (All Tours)
- Less than 6 days before Journey — 75% of Total Amount (All Tours)
- Than 5 Days before Journey — No Refund (All Tours)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner